## बैंक से 14 करोड़ का गोल्ड, 5 लाख नगद ले गए थे डकैत

# छग में भी डाली थी डकैती, मास्टरमाइंड को दबोचा

**जबलपुर।** खितौला अंतर्गत इसाफ बैंक में 14 करोड़ का गोल्ड 14 किलो 873.50 ग्राम सोना और नगदी 508675 की पड़ी डकैती मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। सूत्रों की माने तो मास्टरमाइंड को दबोच लिया गया हैं। इस गिरोह ने छग समेत कई राज्यों में वारदातों को अंजाम दिया हैं। 11 अगस्त को पड़ी डकैती की गुत्थी सुलझाने के लिए दस टीमें लगी हुई हैं जिसमें पुलिस अधिकारियों की फौज के साथ क्राइम ब्रांच, सायबर पुलिस, एक्सपर्ट समेत स्पेशल अधिकारियों, कर्मचारियों को शामिल किया गया हैं। आज पुलिस मामले का खुलासा करने की तैयारी में है।

### जेल में हुई मुलाकात, कई राज्यों में वारदात

सूत्रों के मुताबिक खितौला में डकैती डालने वाले आरोपियों तक पुलिस पहुंच गई है। छग के राजगढ़ स्थित एक बैंकं भी इसी




गैंग ने डकैती डाली थी। गैंग को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार किया था जहां पाटन निवासी रईस मादक पदार्थ के मामले में जेल में निरूद्ध था इसी बीच उसकी मुलाकात डकैतों से हुई थी। जेल से आने के बाद उन्होंने खितौला में डकैती डालने की योजना बनाई थी।

### दमोह से पकड़ाया रईस

सूत्र बताते है कि इस डकैती के मास्टरमाइंड को पुलिस ने दमोह से दबोचा है जिसके कब्जे से नगदी व अन्य सामान जब्त किया गया है जबकि उसके साथियों की तलाश जारी है।

### पुलिस आज खुलासा करेगी

एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघानिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है अहम क्लू मिला है। आज पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेंगी।

### मास्टरमाइंड के जरिए जुड़ी कड़िया

पुलिस की टीमों ने मामले रईस, बब्लू का नाम सामने आने के बाद जांच तेज की। डकैती में इनका अहम किरदार होने की बात सामने के बाद पुलिस ने कड़िया जोड़कर छानबीन की। उत्तरप्रदेश के साथ बिहार और जबलपुर समेत सरहदी जिले कटनी, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, मण्डला, उमरिया, डिण्डोरी में भी डकैतों की तलाश कराई गई। अहम क्लू मिलते ही टीम के हत्थे मास्टरमाइंड चढ़ गया।

### बस में डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार



पाटन होकर जबलपुर भोपाल इंदौर जाने वाली यात्री बस को रास्ते में रोककर डकैती डालने की योजना बनाते पांच आरोपियों को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सुक्कू लोधी निवासी कटरा बेलखेड़ा अपने अन्य 4 साथियों के साथ महुआखेड़ा रोड़ किनारे कॉलेज के पास काले रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 35 सीए 3507 में बैठकर घातक हथियार लिये हुये रात में पाटन होकर जबलपुर भोपाल इंदौर जाने वाली यात्री बस को रास्ते में रोककर बस में डकैती करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस बल की 2 पार्टियों ने महुआखेड़ा रोड किनारे कॉलेज के पास दबिश दी छिपकर बात सुनने पर स्विफट कार में बैठा सुखदेव अपने साथियों के साथ यात्री बस को रास्ते में स्पीड ब्रेकर के पास रोककर यात्रियों को लूटने की बात कर रहा था । नवल सिंह पिता टेक सिंह लोधी 31 वर्ष, आशीष लोधी पिता गिरवर सिंह लोधी 31 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मढपिपरिया, महेन्द्र सिंह लोधी पिता नन्हे भाई लोधी 36 वर्ष निवासी भमक पड़रिया, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्कू लोधी पिता मेन सिंह लोधी 28 वर्ष निवासी ग्राम कटरा बेलखेड़ा कार चालक ने अपना नाम मुकेश लोधी पिता स्व. गोविन्द सिंह लोधी 24 वर्ष निवासी सुराही बिल्डिंग के पास अधारताल को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से रॉड, डंडा, तलवार, स्विफ्ट कार, देशी कट्टा, चार कारतूत जब्त किया गया।

# दफ्तरों के गलियारे

### दिग्गजों की शरण में पहुंचे साहब!

शिक्षा विभाग के एक बड़े साहब के तबादले को लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय अभी भी बना हुआ है। उक्त साहब का ट्रांसफर हुए लगभग दो माह हो चुके हैं, लेकिन साहब अभी भी अपनी कुर्सी पर विराजमान हैं। यह भी चर्चा है कि उक्त बड़े साहब कुर्सी बचाने बड़े दिग्गजों की शरण में भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने अपने तबादले को रुकवाने की गुहार लगाई, साथ ही स्वयं के द्वारा भी एड़ी- चोटी का दम लगाया। जिससे उनकी कुर्सी भी बची रहे और उनका बुलावा भी भोपाल से रुक जाए। जिले में उक्त साहब के तबादला हो जाने से कई विरोध प्रदर्शन भी सामने आए थे, लेकिन साहब अपनी कुर्सी से खड़े भी नहीं हुए। चर्चा यह भी है आगामी 10 दिनों में उनकी रवानगी हो सकती है। अब देखना यह होगा कि साहब का दिग्गजों की शरण में जाना काम आता है या भोपाल से आया बुलावा उनकी पेटी बांध देगा।

### अरे कोई तो सुन लो, नहीं तो क्या उठा लें आत्मघाती कदम...

अरे कोई तो सुन लो हमारी, कलेक्टर से लेकर कमिश्नर तक सबकी चौखट खटखटा दी फिर भी हाथ खाली का खाली.. अब करें तो क्या करें.. क्या कोई आत्मघाती कदम उठा लें.. ये व्यथा पिछले कुछ दिनों से लाल बिल्डिंग के पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार सुनाते हुए नजर आ रहे हैं। खबर है कि जब ठेकेदारों का समूह जिले के बड़े साहब यानि कलेक्टर के पास गया तो आनन-फानन में ठेकेदारों को 20 प्रतिशत के हिसाब से भुगतान करा दिया गया। इससे आक्रोशित ठेकेदार ने निगम के वित्त साहब प्रशांत गोंटिया को विरोध स्वरूप चैक वापस किया.. इसके बाद जो हुआ वो पूरे नगर निगम के साथ जिले में चर्चा का विषय बना रहा। हुआ यूं कि ठेकेदारों के चैक वित्त महोदय ने रख लिए जिसे देख ठेकेदारों के होश उड़ गए। अंत में ठेकेदारों को ये चैक यह कहकर कि त्यौहार है अभी इतने में ही खुश रहो, दे दिये गये। अंत में निराश होकर ठेकेदारों का समूह वापस अपने घर को लौट गया। पूरा मामला निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग के करीब 150 ठेकेदारों के 53 करोड़ रुपए भुगतान से जुड़ा है।

### मुखबिर तंत्र कमजोर या बना दिया गया...

आतंकवाद निरोधी दस्ता की शहर में हुई कार्रवाई के बाद गड़े मुर्दे उखड़ने लगे हैं। दस साल तक शहर में फर्जी पासपोर्ट के जरिए अफगानियों का मूवमेंट होने की स्थानीय पुलिस को भनक नहीं लगी यह बात किसी के गले से नीचे नहीं उतर रही है। चर्चा है कि भारतीय पासपोर्ट बनवाने में लम्बी डीलिंग हुई। जाली दस्तावेजों से बने पासपोर्ट में पुलिस वेरिफिकेशन में तगड़े लेनदेन की खबरें भी विभागीय गलियारे में घूम रहीं हैं। जिन्हें जांच एजेंसी चिन्हित कर रही है। जब यह खबर दस सालों में संबंधित थाने की कुर्सी में विराजमान हुए साहबों, जवानों तक पहुंची तो वह पसीना- पसीना हो गए। कानाफूंसी भी शुरू हो गई जो यहां तक पहुंच गई है कि पुलिस की नजर से कोई नहीं बच सकता है तो फिर इतने बड़े लफड़ेबाज कैसे दस साल तक दुबके हुए थे। क्या पुलिस का मुखबिर तंत्र इतना कमजोर हो गया है या फिर इसे बना दिया गया.. ? अब चंद रूपए की लालच में देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वालों के हाथ पैर फूले हुए हैं कि न जाने कब उनके नाम बेनकाब न हो जाएं, उन्हें काले कारनामे उजागर होने का डर भी सताने लगा है। छर्रे बताते हैं कि इस कांड में पुलिस महकमें के एक साहब की अहम भूमिका हैं जो शहर में सालों से इधर उधर होते रहे पर जबलपुर से उनका मोह नहीं छूटा।

अमन पटेल, विवेक दुबे, अजहर खान

# नगर कांग्रेस अध्यक्ष रिपीट, ग्रामीण में पूर्व विधायक को मिली जिम्मेदारी

**कांग्रेस ने जारी की मप्र में 71 जिलाध्यक्षों की सूची**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मध्यप्रदेश में अपने 71 जिलाध्यक्षों के नाम शनिवार शाम घोषित कर दिए हैं। जारी सूची के अनुसार सौरभ नाटी शर्मा कांग्रेस नगर अध्यक्ष के रूप में रिपीट किए गए हैं तो वहीं ग्रामीण कांग्रेस नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी पूर्व विधायक संजय यादव को सौंपी गई है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के



जनरल सेकेटरी केसी वेनुगोपाल के लैटर हेड पर जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई है। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत मप्र में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की घोषणा की है।

इस प्रक्रिया में पर्यवेक्षकों ने जिलों का विस्तृत दौरा किया था, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा की और अपनी रिपोर्ट सौंपी थी जिसके आधार पर ये नियुक्तियां कीं गईं हैं।

गौरतलब है इस नियुक्ति के पहले ग्रामीण में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नीलेश जैन जिम्मेदारी निभा रहे थे लेकिन अब संगठन की नई नियुक्ति के बाद हालात बदल गए हैं और कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय यादव को ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

# पांच दोस्तों के साथ गया किशोर नदी में डूबा

**जबलपुर।** कटावघाट में शुक्रवार को पांच दोस्तों के साथ घूमने गया एक किशोर नदी में डूब गया। शनिवार को किशोर का शव बरामद किया गया।

मझौली पुलिस ने बताया कि विदुल भाई मेहरा 42 वर्ष निवासी मुडकुरू ने सूचना दी कि वह ग्राम कोटवार है 15 अगस्त को गांव के सुल्तान सिंह की बेटी का बेटा निखिल 14 वर्षीय रानीताल स्कूल में कक्षा 10 वीं में पढता है 15 अगस्त को स्कूल जाने की कहकर घर से गया था, जो अपने पांच अन्य साथियों के साथ कटाव घाट धाम के नीचे कार नदी के स्टाफ डेम में नहाने के लिये आया था नहाते समय पानी में डूबकर बह गया था। निखिल सिंह 14 वर्ष की मौत नाहते समय पानी में डूबने से हुयी है। शनिवार को ग्राम कोटवार मुड़कुरू ने बताया कि गुमशुदा निखिल सिंह का शव पानी के ऊपर आने की सूचना पार कटावघाट कार नदी स्टाफ डेम ग्राम रानीताल पहुँचकर देखा गुमशुदा निखिल सिंह स्टाफ डेम के नीचे बने नरेन्द्र बर्मन की पहाऊ में बाडी फंसी हुयी मिली लोगों की मद्द से निकलवाया गया।

# मुसीबत बने अतिक्रमणकारी, कैंट बोर्ड का चलेगा अब बुल्डोजर

**नवभारत,जबलपुर।** पेंटीनाका- वायएमसीए- गोराबाजार सड़क किनारे जमे अवैध अतिक्रमण को हटाने कैंट बोड प्रशासन सख्त रूख अपनाएगा। वजह मप्र हाईकोर्ट से निर्देश मिलना बताई गई है। जानकरी के अनुसार पिछले करीब एक माह से फुटकर सब्जी व्यवसायियों ने कब्जा करके रखा है जिससे आए-दिन यहां जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं। और साथ ही इस मार्ग पर यातायात का दबाव भी अधिक बढ़ रहा है। इसी को लेकर अब कैंट बोर्ड सीईओ ने अन्याक्रांति दल व इंजीनियरिंग विभाग को निर्देश दिए हैं कि जहां-जहां अवैध अतिक्रमण हो वहां बुल्डोजर चलाया जाए और उक्त स्थान पर हरित पट्टी का निर्माण कर दिया जाए। विदित हो कि पेंटीनाका- वायएमसीए-गोराबाजार सड़क पर पसरी अव्यवस्थाओं को लेकर एक वकील द्वारा एमपी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी जिस पर कोर्ट की ओर कैंट बोर्ड को निर्देश दिए गए कि इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाए और साथ ही अतिक्रमणों को हटाया जाए।

# रिठौरी में गैंगवार, कुख्यात बदमाश की हत्या, एक घायल

**वर्चस्व की लड़ाई में वारदात**

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत रिठौरी में वर्चस्व की लड़ाई में गैंगवार हुआ। कुख्यात बदमाश की तलवार, कुल्हाड़ी, डंडे, चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। जबकि एक घायल हैं। पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।

खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे टोप्पो ने बताया कि सतीश कुशवाहा 26 वर्ष निवासी ग्राम मझगवॉ पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 अगस्त की रात लगभग 7-30 बजे वह अपने दोस्त रूपेन्द्र साहू, छोटू चौधरी , साहिल रावत, गुरूप्रीत सिंह उर्फ गुप्पी हम सभी रूपेन्द्र की डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेड एच 6023 से एलपीआर जा रहे थे कार रूपेन्द्र चला रहा था। जैसे ही नहर पार करके लक्ष्मण बंजारा के घर के पास ग्राम रिठोरी पहुंचे तभी रोड़ पर लक्ष्मण बंजारा, देवा रजक, विशाल पटैल, लक्ष्मण का मामा गोपाल बंजारा अपने अपने हाथ में डंडे, तलवार, चाकू लिये रोड़ पर खड़े थे, लक्ष्मण ने कार में डंडा मारा जो साईड ग्लास में लगा कार रोड़ से उतरकर दाहिने तरफ कीचड़ में फंस गयी सभी कार से उतरकर भागने लगे तो चारों ने रूपेन्द्र पर हमला कर दिया।

### पेट, सिर, गले में किए ताबड़तोड़ वार

रूपेन्द्र पर पेट, सिर गले में ताबड़तोड़ वार किए गए। देवा ने पेट में चाकू मारा। रूपेन्द्र जमीन



पर गिर गया फिर लक्ष्मण ने तलवार से रूपेन्द के सिर, अज्जू ने गले में कुल्हाड़ी से मारा, विशाल पटेल एवं गोपाल बंजारा रूपेन्द्र के साथ डंडे से मारपीट करते रहे रूपेन्द्र 29 वर्ष की मौत हो गई।

### साथी झाड़ियों छिपकर देखता रहा कत्ल

मृतक का साथी सतीश कुशवाहा झाड़ियों में छिपकर वारदात को देखता रहा। इसके बाद रूपेन्द्र के भाई पारस एवं अपने साथी नितेश बंजारा को फोन कर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। रूपेन्द्र का भाई पारस, नितेश बंजारा, रूपेन्द्र के पापा भोलाराम साहू, सौरभ चौधरी एवं अन्य कई लोग आ गये भीड़ को देखकर लक्ष्मण बंजारा, देवा रजक, विशाल पटैल, अक्कू बंजारा, गोपाल बंजारा सभी लक्ष्मण बंजारा के घर में घुस गये, सभी लक्ष्मण के घर में गये और मेन गेट का धक्का देकर खोल दिया तो हम लोगों को देखकर लक्ष्मण बंजारा, विशाल पटैल, अज्जू बंजारा एवं गोपाल बंजारा पीछे के गेट से भाग गये। इस बीच हमले में नितेश भी घायल हुआ।

### तीन थाना प्रभारी बल समेत पहुंचे

सूचना मिलते ही खमरिया थाना प्रभारी के अलावा पनागर टीआई विपिन ताम्रकार एवं रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी बल समेत पहुंचे। एफएसएल टीम भी पहुँची। जांच पड़ताल के बाद प्रकरण दर्ज किया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

### 15 से अधिक दर्ज है अपराध

मृतक कुख्यात बदमाश था। जिसके खिलाफ 15 से अधिक अपराध दर्ज है। जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर पिपरिया शराब दुकान में फायरिंग की थी जिससे बाद में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।

# अज्ञात वाहन ने कुचला, दो की मौत

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम कुसली में अज्ञात वाहन ने मोटर सायकिल को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार रही कि हादसे में बाइक सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम दोनी निवासी राजेश भूमिया गांव में ही रहने वाले रामलाल बर्मन के साथ मोटर सायकिल में घर लौट रहा था। कुसली में अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक से दोनों उछलकर दूर जा गिरे और राजेश और रामलाल को गंभीर चोटें आ गई। वहीं टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम के लिये भिजवते हुये आरोपी चालक की तालाश शुरू कर दी है।

### एक्सीडेंट में युवक, महिला की मौत

पनागर और भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक और महिला की मौत हो गई। पनागर पुलिस ने बताया कि रमेश बर्मन 55 वर्ष निवासी निपनिया पनागर ने सूचना दी कि उसकी पत्नि विमलेश एवं बेटा सौरभ कुकरई मोटर सायकिल से गये थे। कुकरई से वापस आते समय कुसनेर ब्रिज के पास लडके सौरभ की मोटर सायकिल से उसकी पत्नि विमलेश गिर गयी थी, सड़क दुघर्टना में पत्नि को चोटे आ गयी जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जिसकी दौरान उपचार के मौत हो गई। इसी प्रकार भेड़ाघाट थाने में राजीव चक्रवर्ती 22 वर्ष करमेता बजरंग नगर माढोताल ने सूचना दी कि बीती रात मामा महेन्द्र चक्रवर्ती 26 वर्ष निवासी समनापुर तारादेही जिला दमोह की सड़क हादसे में मौत हो गई।



# गर्जन के साथ बरसे बदरा, 33.6 इंच पहुंचा बारिश का आकड़ा

**जबलपुर।** मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से ही बादलों का डेरा रहा और दिन चढ़ते ही मौसम ने करवट बदली ली इसके साथ ही गर्जन के साथ बदरा बरस पड़े थोड़ी देर में बारिश थम गई और धूप खिल उठी। इसके बाद शाम ढलते ही एक बार फिर बारिश शुरू हुई। झमाझम बारिश से शहर की सड़के तरबतर हो गया। सीजन में बारिश का आंकड़ा 853.8 मिमी (33.6 इंच) पर पहुंच गया है। मौसम विभगा की माने तो 18 अगस्त के आसपास उत्तर-पश्चिमी और संलग्न पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक नया निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह के वक्त आद्रता 81 और शाम को 93 प्रतिशत दर्ज की गई।

# शिक्षिका के गले से लूटा मंगलसूत्र

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत चुंगी पुरवा में स्कूटी सवार लुटेरों ने शिक्षिका के गले में झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस ने बताया कि श्रीमती राधा शर्मा 40 वर्ष निवासी राजुल सिटी ज्ञानोदय स्कूल के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सरस्वती ज्ञान मंजिल स्कूल पुरवा गढ़ा में शिक्षिका है सुबह लगभग 8-20 बजे वह रोज की तरह स्कूल पैदल जा रही थी जैसे ही चुंगी पुरवा मुख्यमंत्री संजीवनी हास्पिटल के सामने गढ़ा पहुॅची तभी सामने से नीले कलर की स्कूटी में 2 लड़के आये स्कूटी चलाने वाला मटमैले रंग की फुल शर्ट, पीछे बैठा लडका नीली काली शर्ट पहने था गले में सफेद गमछा डाले था आये और चलती हुयी गाड़ी से उसके गले में पहना हुआ मंगलसूत्र जिसमें पेंडल , गुरिया लगा था गले से छीनकर पंडा की मढ़िया तरफ भाग गये।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57